(घ) यदि हां, तो किस-किस कच्चे माल के आयात पर आंशिक या पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया गया है और इसके क्या कारण थे ?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री कमल मोरारका) : (क) से (घ) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा संकलित औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष 1990–91 की पहली तथा दूसरी तिमाही में विकास दर क्रमशः 12.9 प्रतिशत तथा 10.6 प्रतिशत थी ।

जी०जी टी०डी०एककों की उत्पादन विवरणियों के एक विश्लेषण के अनुसार यह उल्लख किया गया है कि कुछ औद्योगिक एककों जैसे इलैक्ट्रोनिक तथा दूर संचार विद्युत उत्पादन, निर्माण उपकरण परिवहन, औजार, इंजीनियरी उद्योगों में सूचित किया है कि अप्रैल-सितम्बर 1990 के दौरान आयतित कच्चे मालों की कमी रही ।

खाड़ी संकट के कारण हुई भुगतान संतुलन की तंगी के कारण सरकार ने खुले सामान्य लाइसेंस और पूरक लाइसेंसों के अधीन कच्चे माल तथा संघटकों के आयात पर आटोमोबाइल, इलैक्ट्रानिक मदों और उपभोक्ता वस्तुओं के निर्माण कर रहे वास्तविक उपभोक्ताओं के निशुल्क विदेशी मुद्रा आयात के अधिकार में 15 प्रतिशत की कटौती कर दी है । सोलह विशिष्ट कच्चे माल और संघटकों को खुले सामान्य लाइसेंस सूची से बाहर कर दिया गया है । इसके अलावा, खुले सामान्य लाइसेंस के तहत कच्चे माल, संघटकों, उपभोक्ता वस्तुओं व फालतू पुर्जों तथा जिगों, फिक्सचरों, मोल्डेस इत्यादि जिनका आयात नीति में उल्लेख नहीं है, के आयात की सुविधा को 6 नवम्बर, 1990 से 3 महीने की अवधि के लिए स्थगित कर दिया गया है ।

Indo-us Conclave on Defence Matters

*173. SHRI G. G. SWELL: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether a secret conclave took place in New Delhi from December 1 lth to 13th, 1990, between the American Ambassador to India, the U. S. Assistant Secretary of State in charge of the Middle East and Asian Affair and Officers from the Pentagon with the former Army Chief General Sunderji and other Indian defence analysts and Officers;

(b) Whether such conclaves are a normal feature; and

(c) the dates of such conclaves in the past ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI LALIT VIJAY SINGH) (a) No, Sir, However, US Government officials and defence analysts has participated in a joint symposium organised by the Institute for Defence Studies and Analyses, New Delhi, and the Institute for National Strategic Studies (National Defence University), Washington, between 1 lth and 13th December, 1990, at Khadak-vasla.

(b) and (c) Do not arise.

पाकिस्तानी राष्ट्रिकों द्वारा जम्मू कश्मीर घुसपैठ

*174. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन महीनों के दौरान पाकिस्तानी राष्ट्रिकों द्वारा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में घुसपैठ करने के कितनी बार प्रयास किये गये और ऐसी मुठभेड़ों में दोनों पक्षों के कुल कितने सैनिक हताहत हुए;